Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7648	14.08.2023	16.08.2023	Solan Himachal Pradesh	www.amarujala.com /Hindi https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/solan/dengue-in-parwanoo-bbn-panic-21-dengue-people-positive-solan-news-c-176-1-ssml1042-5499-2023-08-14
Title:	**21 dengue people positive in Solan, Himachal Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Solan, SSU- Himachal Pradesh			

जिले के औद्योगिक क्षेत्र परवाणू और बीबीएन में डेंगू ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। रोजाना अस्पताल में डेंगू से पॉजिटिव मरीज आ रहे हैं। सोमवार को भी बीबीएन में तीन लोग डेंगू की चपेट में आए हैं। अब जिले में 21 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। इनमें सबसे अधिक मामले बीबीएन क्षेत्र में हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में अलर्ट जारी कर दिया है। इसी के साथ डेंगू बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी है। लोगों को घर के आसपास खाली बर्तन, व्यर्थ टायरों समेत अन्य सामान को न रखने के लिए कहा है ताकि डेंगू का मच्छर न पनप सके। सभी स्वास्थ्य खंडों में खंड चिकित्सा अधिकारियों को डेंगू टेस्टिंग बढ़ाने के भी निर्देश जारी कर दिए हैं ताकि पीड़ित को तुरंत उपचार मिल सके।

वहीं औद्योगिक क्षेत्र परवाणू और बद्दी में डेंगू मामले आने के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। डेंगू पीड़ितों का पता लगाने के लिए अस्पतालों में संदिग्ध मरीजों की एडवांस एलिजा टेस्ट से जांच की जा रही है। परवाणू के ईएसआई अस्पताल में वायरल के मामले इन दिनों काफी अधिक हो गए हैं। ऐसे में इन लोगों में डेंगू संदेह होने पर टेस्ट करवाए जा रहे हैं ताकि डेंगू के बारे में भी पता लग सके। वहीं परवाणू

समेत आसपास के क्षेत्र में महकमे की टीम घरद्वार पर जाकर डेंगू लारवा की जांच भी कर रही है। इसी के साथ क्षेत्रों में फॉगिंग और दवा का छिड़काव का कार्य में भी तेजी लाने के लिए कहा है।

गौर रहे कि बारिश के बाद डेंगू का खतरा भी बढ़ जाता है। बीते वर्ष भी जिले में 2000 से अधिक डेंगू के मामले आए थे। वहीं परवाणू में डेंगू आउटब्रेक भी हो गया था। जिससे स्वास्थ्य महकमे को काफी दिक्कतें आई थी। इस वर्ष ऐसा न हो इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसी हुई है। अभी से ही एलिजा टेस्ट जिले के अस्पतालों में किए जा रहे हैं। इससे चार घंटे में एडवांस एलिजा टेस्ट की रिपोर्ट भी मिल रही है। वहीं पीड़ित मरीजों को अधिक देर तक रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। एडवांस टेस्ट से डेंगू पॉजिटिव होने की सही जानकारी भी मिल रही है। इसी के साथ डेंगू रैपिड किट के माध्यम से भी कुछ टेस्ट किए जा रहे हैं ताकि डेंगू की समय पर रोकथाम की जा सके।

जिले में डेंगू के अभी तक 21 मामले हो चुके हैं। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। लोगों से भी आग्रह है कि वह पानी को ढक कर रखें और घर के आसपास पानी जमा न होने दें। इसी के साथ घर के आसपास खाली बर्तन और टायरों को भी न रहने दें।